आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 31.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी। मतगणना स्थलों पर उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में भारी उत्साह।
- प्रधान, ग्राम पंचायत के दो हजार दो सौ सत्तवान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 372 और जिला पंचायत सदस्य के आठ पदों पर परिणाम घोषित।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधायकों द्वारा उठाई गई जन समस्याओं को गंभीरता से लेने के अधिकारियों को निर्देश दिए।
- नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत देहरादून में पांच थोक औषधि विक्रेताओं के परिसरों का औचक निरीक्षण। औषधियों का अवैध भंडारण मिलने पर एक फर्म को सील किया गयझं

<u>पंचायत चुनाव मतगणना</u>

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की मतगणना आज सुबह 8 बजे से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जारी है। कुल 10 हजार 915 पदों के लिए मतगणना हो रही है। अंतिम समाचार मिलने तक प्रधान, ग्राम पंचायत के दो हजार दो सौ सत्तवान, क्षेत्र पंचायत सदस्य के तीन सौ बहत्तर और जिला पंचायत सदस्य के आठ पदों पर परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। इस बीच, मतगणना स्थलों पर उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। सभी मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव राहुल कुमार गोयल ने बताया कि मतगणना की निगरानी प्रेक्षकों, जोनल मजिस्ट्रेट और पुलिस के अधिकारी कर रहे हैं। सुरक्षा के दृष्टिगत सभी मतगणना केंद्रों पर आवश्यक बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि रिटर्निंग ऑफिसर के स्तर पर चुनाव परिणाम की घोषणा हो जाने के बाद आयोग की वेबसाइट पर इन्हें प्रदर्शित किया जाएगा। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद विजयी जुलूस निकालने पर प्रतिबंध रहेगा।

<u>मतगणना पिथौरागढ़</u>

पिथौरागढ़ जिले के आठ विकासखंडों में मतगणना को लेकर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी सभी मतगणना स्थलों का जायजा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी विकासखंडों में शांतिपूर्ण ढंग से मतगणना जारी है।

पौड़ी जिले में मतगणना के लिए 15 विकासखंडों में 180 टेबल लगाई गई हैं। अल्मोड़ा जिले के 11 विकासखंडों में 122 टेबल लगाई गई हैं। बागेश्वर जिले के बागेश्वर, कपकोट और गरूड़ विकासखंडों में हो रही मतगणना में गरुड़ विकासखंड आगे रहा है। अंतिम समाचार मिलने तक छह प्रधानों के परिणाम घोषित हुए। सभी निर्वाचित उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र दिए गए हैं।

किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त का वितरण दो अगस्त को बनारस, उत्तर प्रदेश के बनोली गांव से किया जाएगा।

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि इस किश्त के तहत उत्तराखंड के 8 लाख 28 हजार से अधिक लाभार्थी किसानों को 184 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि दी जाएगी। अब तक 19 किश्तों में राज्य के किसानों को तीन हजार 111 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

राज्य स्तरीय कार्यक्रम देहरादून के हरवंश कपूर मेमोरियल हॉल, गढ़ी कैंट में आयोजित होगा। इसके साथ ही अन्य स्तर पर भी कार्यक्रम होंगे।

अवैध निर्माण ध्वस्त

नैनीताल जिले में हल्द्वानी के काठगोदाम रेलवे स्टेशन के सामने नगर निगम की दुकानों के ऊपर अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निगम द्वारा 2016 में दुकानों को अनुमति दी गई थी और 6 महीने के भीतर नक्शा पास कराने के बाद निर्माण कार्य कराने को कहा गया था। लेकिन 2024 में निर्माण किया गया, जो नियमों के विरुद्ध है।

मुख्यमंत्री निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि वे प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं की घोषणाओं और योजनाओं की समीक्षा तीन माह में एक बार स्वयं करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को विधायकों द्वारा उठाई गई जन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनके त्वरित समाधान के लिए लगातार संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने सचिवालय में टिहरी लोकसभा क्षेत्र की विधानसभाओं से संबंधित घोषणाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक में कहा कि जन समस्याओं का समाधान सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने मुख्य सचिव और विभागीय सचिव स्तर पर भी विधानसभा क्षेत्रों की योजनाओं की नियमित समीक्षा करने को कहा।

मुख्यमंत्री ने मानसून के बाद निर्माण कार्यों में तेजी लाने और निर्माणाधीन योजनाओं का समयबद्ध अनुश्रवण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में विधायकों  ने सड़कों के निर्माण व चौड़ीकरण, स्वास्थ्य सुविधाओं, जलभराव, सौंदर्यीकरण, सिंचाई, ड्रेनेज और तटबंध से संबंधित समस्याएं रखीं।

कार्रवाई

राज्य में नशे और अवैध या एक्सपायरी दवाओं के खिलाफ शासन–प्रशासन स्तर पर कार्रवाई जारी है। नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने देहरादून में पांच थोक औषधि विक्रेताओं के परिसरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक फर्म में औषधियों का अवैध भंडारण मिलने पर उसे सील कर दिया गया।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि राज्य को नशा और औषधीय दुरुपयोग से मुक्त बनाना सरकार की प्राथमिकता है और अवैध औषधि भंडारण व बिना लाइसेंस संचालन पर सख्त कार्रवाई होगी। वहीं, देहरादून के टर्नर रोड पर मियाद समाप्त औषधियों के अवैध निस्तारण की सूचना पर औषधि निरीक्षकों की टीम ने छापेमारी कर औषधियाँ जब्त कर नष्ट कर दीं। संबंधित फर्म की पहचान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तीन औषधियों के नमूने भी परीक्षण के लिए गए हैं। उधर, हरिद्वार में वरिष्ठ औषधि निरीक्षक अनीता भारती की टीम ने लगभग साढ़े तीन लाख ट्रामाडोल टैबलेट्स के निर्माण से पहले ही उसकी ए.पी.आई. जब्त की। इस कार्रवाई से पंजाब में सप्लाई होने वाली बड़ी खेप को रोका जा सका। इसी मामले में पंजाब पुलिस के साथ मिलकर हरिद्वार स्थित एक कंपनी में भी छापेमारी की गई।

औषधि विभाग ने स्पष्ट किया है कि औषधियों के उचित निस्तारण और नियमों के पालन के लिए राज्यभर में सतत निगरानी और निरीक्षण अभियान जारी रहेगा।

ड्रोन पर पुलिस की स्पष्टता

हरिद्वार जिले के कुछ क्षेत्रों में हाल ही में रात के समय आसमान में ड्रोन दिखाई देने की घटनाओं पर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि इन ड्रोन के माध्यम से उत्तर प्रदेश द्वारा नदी मैपिंग का कार्य किया जा रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि रात में ड्रोन दिखाई देने पर घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग ड्रोन को लेकर अफवाह फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे आमजन में भय का माहौल बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इस प्रकार की भ्रामक अफवाहें फैलाना गैरकानूनी है।